**अति लघु उत्तरीय प्रश्न :** **1 अंक वाले प्रश्न**

**प्रश्न 1. किस मार्ग के खुलने से भारत की यूरोप से दूरी 7,000 कि०मी० कम हो गई ?**

उत्तर— स्वेज नहर

**प्रश्न 2. जब कोई व्यक्ति दक्षिण से उत्तर की ओर जाता है तो दिन और रात की अवधि को क्या प्रभावित करता है ?**

उत्तर— अक्षांश वृत का विस्तार

**प्रश्न 3. किस महासागर का नाम एक देश के नाम पर है ?**

उत्तर— हिंद महासागर

**प्रश्न 4. जल संधि क्या है ?**

उत्तर— समुद्र का एक रास्ता जो दो बड़े जल क्षेत्रों को जोड़ता है।

**प्रश्न 5. चीन विश्व का ____________ बड़ा देश है।**

उत्तर— चतुर्थ (चौथा)

**प्रश्न 6. गुजरात से अरुणाचल प्रदेश के समय में कितना अंतर है ?**

उत्तर— 2 घंटे।

**प्रश्न 7. भारत के मुख्य भूभाग का दक्षिण छोर कौन-सा है ?**

उत्तर— कन्याकुमारी

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 8. स्वेज नहर किस वर्ष में खोली गई ?**

उत्तर— सन् 1869 में

**प्रश्न 9. भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है ?**

उत्तर— 2.4%

**प्रश्न 10. भारत का कौन-सा पड़ोसी देश एक टापू है ?**

उत्तर— मालदीव

**प्रश्न 11. भारत के किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइए जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं ?**

उत्तर— पंजाब और जम्मू और कश्मीर

**प्रश्न 12. 1947 से पहले भारत में कितने प्रकार के राज्य थे ?**

उत्तर— 1947 से पहले भारत में दो प्रकार के राज्य थे—प्रांत और रियासतें।

**प्रश्न 13. क्षेत्रफल के अनुसार भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है ?**

उत्तर— राजस्थान

**प्रश्न 14. भारत के पूर्वी तट पर स्थित भारतीय राज्यों के नाम लिखिए।**

उत्तर— पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु।

**प्रश्न 15. भारत के पश्चिम तट पर स्थित राज्यों के नाम लिखिए।**

उत्तर— केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र।

**प्रश्न 16. 'इंदिरा बिंदु' किस वर्ष समुद्र में जलमग्न हुआ था ?** HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)

उत्तर— सुनामी की लहरों के कारण सन् 2004 में इंदिरा बिंदु समुद्र में जलमग्न हुआ था।

**प्रश्न 17. उन राज्यों के नाम बताइए जो म्यांमार से सीमा साझा करते है ?**

उत्तर— त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और नागालैंड।

**प्रश्न 18. किस देशांतर को भारत की मानक याम्योत्तर माना गया है ?** HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)

उत्तर— 82°30' पूर्व देशांतर को भारत की मानक याम्योत्तर माना गया है।

## 3 अंक वाले प्रश्न

**लघु उत्तरीय प्रश्न :** *(उत्तर 80 शब्दों से अधिक न हों)*

**प्रश्न 1. दक्षिण एशिया में भारत को एक सामरिक महत्वपूर्ण स्थिति कैसे प्राप्त है ?** HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)

उत्तर— दक्षिण एशिया में भारत को एक सामरिक महत्व की स्थिति निम्न कारणों से प्राप्त है :

(क) भारतीय भूखंड एशिया महाद्वीप के पूर्व और पश्चिम के मध्य स्थित है।

(ख) हिंद महासागर का मार्ग, जो पश्चिम में यूरोपीय देशों और पूर्वी एशियाई देशों को मिलाता है, भारत को एक केंद्रीय स्थिति प्रदान करता है।

(ग) दक्षिण का पठार हिंद महासागर में शीर्षवत् फैला हुआ है और पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यूरोप के देशों के साथ-साथ पूर्वी एशिया के देशों से भी पूर्वी तट के माध्यम से संबंध बनाए हुए है।

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 2. भारत के सबसे दक्षिणी बिंदु का नाम क्या है ? यह अब क्यों दिखाई नहीं देता ?**

उत्तर— भारत के सबसे दक्षिणी बिंदु का नाम 'इंदिरा बिंदु' है। इंदिरा बिंदु अंडमान निकोबार समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप समूह में स्थित है। यह अब दिखाई नहीं देता क्योंकि 2004 में सुनामी की लहरों में यह समुद्र में जलमग्न हो गया था।

**प्रश्न 3. अक्षांश क्या है ? भारत का अक्षांश वृत विस्तार क्या है ?**

उत्तर— (क) भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण में किसी स्थान की अंश (डिग्री) में नापी गई स्थिति अक्षांश कहलाती है। भूमध्य रेखा से किसी स्थान की कोणीय दूरी जानने के लिए अंश (डिग्री) में गणना करते हैं।

(ख) भारत के मुख्य भू-भाग का विस्तार 8°4' उत्तर तथा 37°6' उत्तर के बीच स्थित है।

(ग) भारत का अक्षांश विस्तार बताता है कि यह उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।

**प्रश्न 4. भारत के नाम पर किस महासागर का नाम है? इसके भारत के नाम पर होने के कोई दो कारण बताइए।**

HOTS (विशेषण और मूल्यांकन)

उत्तर— हिंद महासागर का नाम भारत के नाम (हिंदुस्तान) पर रखा गया है। भारत एक अकेला देश है जिसके नाम पर किसी महासागर का नाम रखा गया है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर में स्थित है जो भारतीय प्रायद्वीप के पश्चिम और पूर्व में हैं। भारत के समान किसी अन्य देश की हिंद महासागर में इतनी बड़ी तटीय रेखा नहीं है। हिंद महासागर में इधर से उधर जाने के मार्ग में हिंद महासागर के मध्य में भारत की सामरिक स्थिति उसे एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करती है। यह हिंद महासागर में भारत का विशिष्ट स्थान ही है जो महासागर का नाम भारत के नाम पर रखने को न्यायोचित ठहराता है।

**प्रश्न 5. भारत को एक उपमहाद्वीप क्यों कहा जाता है ?**

उत्तर— भारत को एक उपमहाद्वीप कहा जाता है क्योंकि :

(क) यह एक बड़ा भूखंड है। यह शेष महाद्वीप से अलग विशेष भौगोलिक इकाई के रूप में दिखाता है।

(ख) यह प्राकृतिक विशेषताओं जैसे कि पहाड़ और नदियों के कारण अलग है।

(ग) यह शेष महाद्वीप से शक्तिशाली हिमालय के कारण भी अलग है।

**प्रश्न 6. प्राचीन काल से किस प्रकार से पर्वत दर्रों भारत के लिए सहायक सिद्ध हुए है ? व्याख्या करें।**

उत्तर— भारत उत्तर पश्चिम, उत्तर और उत्तर पूर्व में नवीन वलित पर्वतों से घिरा है। उत्तर में पर्वतों में विभिन्न दर्रों ने प्राचीन यात्रियों को रास्ता प्रदान किया। मसाले, मलमल और अन्य व्यापारिक वस्तुएँ भारत से विभिन्न देशों को इन्हें दर्रों के माध्यम से ले जाई जाती थीं। इन दर्रों के कारण ही ऐतिहासिक समय में विचारों तथा सामान के आदान-प्रदान होता था।

**प्रश्न 7. भारत के अक्षांश वृत्त विस्तार क्या है ? भारत के अक्षांश वृत्त के फैलाव से उसे क्या लाभ है ?**

उत्तर— भारत के अक्षांश वृत्त का विस्तार 8°4' उत्तर और 37°6' उत्तर में है इसका अर्थ है कि भारत का देशांतर फैलाव लगभग 30° पश्चिम से पूर्व है। अक्षांश वृत फैलाव के लाभ इस प्रकार हैं—

(क) जब कोई व्यक्ति दक्षिण से उत्तर की ओर जाता है तो यह दिन और रात की अवधि को प्रभावित करता है।

(ख) यह हिंद महासागर, पश्चिम में अरब सागर तथा पूर्व में बंगाल की खाड़ी में समुद्री गतिविधियों में भी सहायता करता है।

Scanned with CamScanner

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**

## 1 अंक वाले प्रश्न

**सही विकल्प चुनिए :**

1. *अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप सहित भारत की मुख्य भूमि की तट रेखा की लंबाई है*
   (क) 7,516.4 कि०मी० (ख) 7,516.5 कि०मी०
   (ग) 7,516.6 कि०मी० (घ) 7,516.7 कि०मी०

2. *भारत के पड़ोसी देश जिनकी सीमाएँ भारत के साथ लगती हैं*
   (क) पाकिस्तान और अफगानिस्तान (ख) म्यांमार और बांग्लादेश
   (ग) चीन और नेपाल (घ) उपरोक्त सभी

3. *हिमालय क्षेत्र में स्थित चार राज्य हैं*
   (क) जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश
   (ख) गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान
   (ग) गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड
   (घ) बिहार, बंगाल, उड़ीसा, यू०पी०

4. *विश्व की दूसरी ऊँची पर्वतीय चोटी कौन सी है ?*
   (क) के–1 (ख) के–2 (ग) के–3 (घ) के–4

5. *भारत की मानक मध्याह्न रेखा कौन सी है ?*
   (क) 81°30' पूर्व (ख) 82°30' पूर्व
   (ग) 83°30' पूर्व (घ) 84°30' पूर्व

6. *भारत का देशांतरीय विस्तार है*
   (क) 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्व (ख) 67°8' पूर्व से 92°27' पूर्व
   (ग) 68°8' पूर्व से 97°27' पूर्व (घ) 68°5' पूर्व से 97°24' पूर्व

Scanned with CamScanner

7. *भारत का अक्षांशीय विस्तार है*

(क) 5°3' उत्तर से 38°5' उत्तर

(ख) 6°4' उत्तर से 37°6' उत्तर

(ग) 7°4' उत्तर से 37°6' उत्तर

(घ) 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तर

8. *भारत के दक्षिण-पश्चिम में निम्न में से कौन स्थित है ?*

(क) बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप

(ख) अरब सागर में लक्षद्वीप

(ग) हिंद महासागर में मालदीव

(घ) बंगाल की खाड़ी में न्यू मोरे द्वीप

9. *भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है ?*

(क) अरुणाचल प्रदेश

(ख) जम्मू और कश्मीर

(ग) सिक्किम

(घ) गोवा

10. *दक्षिण से उत्तर की ओर जाने में दिन तथा रात की अवधि प्रभावित होती है*

(क) देशांतरीय विस्तार से

(ख) अक्षांशीय विस्तार से

(ग) देशांतरीय तथा अक्षांशीय विस्तार दोनों से

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

Scanned with CamScanner